प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

000

00

0

28.02.2026/प्रादेशिक समाचार/रितेश कपूर/

राजकुमारी चंदेल/सीमा/11:00 बजे

0000

000

00

0

नमस्कार....ये आकाशवाणी शिमला है।

अब आप ''राजकुमारी चंदेल' से प्रादेशिक समाचार सुनिए।

28.02.2026/11:00बजे/रितेश/राजकुमारी/सीमा

पीएम–एचपीवी वैक्सीन

राष्ट्रव्यापी ह्यूमन पैपिलोमावायरस–एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम आज से शुरू हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान के अजमेर से आज इस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम का लक्ष्य प्रतिवर्ष सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 14 वर्ष तक की लगभग एक करोड़ 15 लाख बालिकाओं का टीकाकरण करना है। यह टीका सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। टीकाकरण आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप–जिला और जिला अस्पतालों के साथ सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों और अस्पतालों में किया जाएगा। टीकाकरण स्वैच्छिक होगा और माता–पिता व अभिभावकों से पूर्व स्वीकृति प्राप्त की जाएगी। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आईजीएमसी शिमला से राज्य स्तरीय एच पी वी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ करेंगे।

28.02.2026 / 11:00बजे / रितेश / राजकुमारी / सीमा

पंचायत गठन

हिमाचल प्रदेश में 40 में से 39 नई पंचायतों के गठन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। पंचायती राज विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता-----

हिमाचल प्रदेश में 39 नई पंचायतें बनने के बाद अब कुल पंचायतों की संख्या बढ़कर 3 हजार 6 सौ 16 हो गई है। पहले यह संख्या 3 हजार 5 सौ 77 थी। हालांकि, पंचायतीराज विभाग के पास नई पंचायतों के गठन के लिए और भी आवेदन आ रहे हैं, लेकिन अब फिलहाल नई पंचायतें नहीं बनाई जाएंगी। मंडी की एक पंचायत के गठन में अभी पेच फंसा हुआ है। अब पंचायतीराज विभाग की तरफ से इन पंचायतों का पुनर्सीमांकन किया जाना है। एक सप्ताह में इनकी सीमाएं तय की जाएंगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार राज्य सरकार को 31 मई से पहले चुनाव कराने हैं। उधर, राज्य निर्वाचन आयोग ने भी चुनाव करवाने की तैयारियां तेज कर दी हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए शिमला से योगराज शर्मा।

रितेश / पीटीसी / योगराज

28.02.2026 / 11:00बजे / रितेश / राजकुमारी / सीमा

किरण रिजिजू

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरण रिजिजू आज से हिमाचल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर हैं। कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचने पर आज सुबह पार्टी पदाधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। अपने दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री चंबा जिला के दूरदराज इलाकों में केंद्रीय योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र ने हिमाचल के लिए कई विकास योजनाओं की सौगात दी है।

28.02.2026 / 11:00बजे / रितेश / राजकुमारी / सीमा

मुकेश अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि केंद्र सरकार की प्रसाद योजना के तहत 56 करोड़ रुपये के अलावा राज्य सरकार के 75 करोड़ रुपये ज़िला प्रशासन के पास उपलब्ध हैं, जिससे मंदिर में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं देने और परिसर का सौंदर्यीकरण किया जाना प्रस्तावित है। ऊना में ज़िला जन शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने माता चिंतपूर्णी मंदिर में विकास कार्यों के आरंभ होने में अत्यधिक देरी पर चिंता जताई। अग्निहोत्री ने अधिकारियों से कहा कि यदि राजनीतिक इच्छा शक्ति प्रशासनिक स्तर पर परिलक्षित न हो तो योजनाएं मूर्त रूप नहीं ले सकती है। अग्निहोत्री ने संबंधित अधिकारियों को दक्षिण भारत के मंदिरों के विकास मॉडल से सीख लेने की सलाह दी।

पीटीसी / राजेश शर्मा

28.02.2026 / 11:00बजे / रितेश / राजकुमारी / सीमा

मौसम

हिमाचल प्रदेश में बारिश व बर्फबारी न होने से सूखे जैसे हालात बने हुए हैं। फरवरी महीने में सामान्य से 84 फ़ीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने कहा कि फरवरी महीने में प्रदेश के सभी 12 जिलों में माइनस 70 से 90 फीसदी तक कम बारिश दर्ज की गई है और आगामी 5 मार्च तक भी बारिश के कोई आसार नहीं है। 3 मार्च से तापमानं में और अधिक बढ़ोतरी होने का अनुमान है।

योगराज / शिमला

28.02.2026 / 11:00बजे / रितेश / राजकुमारी / सीमा

नशा तस्कर

शिमला पुलिस की नशा तस्करों के खिलाफ कार्यवाही लगातार जारी है। रोहडू में दर्ज चिट्टा तस्करी के एक बड़े मामले में पुलिस ने नेटवर्क को ध्वस्त करते हुए पंजाब के मुख्य सरगना को गिरफ्तार किया है। इस पूरे मामले में अब तक 7 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। ए.एस.पी शिमला अभिषेक ने बताया कि ये मामला इस महीने 2 तारीख से जुड़ा है, जिसमें रोहडू के मेहंदली पुल के पास पुलिस ने पंजाब के दो युवकों को 83 ग्राम चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अब तक शिमला पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत 56 मुकदमे दर्ज कर एक सौ 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और ये अभियान लगातार जारी रहेगा।

रितेश / पीटीसी–योगराज